## खबर संक्षेप

### बच्चों को संस्कारवान बनाएं अभिभावक

**पानीपत।** सबको रोशनी फाउंडेशन के अध्यक्ष सतवीर गोयल एवं कोषाध्यक्ष हरीश बंसल ने कहा कि आधुनिकता में संस्कार धूमिल न हो जाए। यह शब्द समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेश तायल ने कहे। वे सबको रोशनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि पानीपत एक औद्योगिक नगर है। जिसमें भाग दौड़ आधिकारिक होती जा रही है और महानगरीय रूप ले रही है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने मूल्य को ना भूलें। सबको रोशनी फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक विकास गोयल ने कहा कि वर्तमान समस्याओं का एक मुश्त समाधान तथा श्रेष्ठ नागरिक गढ़ने का एक मात्र विकल्प है बालकों को संस्कारवान बनाना।

### शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**पानीपत।** दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित हुआ। जिसमें विक्टर पब्लिक सी.सै.स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा परी अग्रवाल और हर्ष वर्मा ने 487 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कविता 482 अंक से द्वितीय,हितेश 480 अंक से तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के 85 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मैनेजर विक्रम गांधी ने अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बैठक में रवि मेहता को बनाया प्रधान

**पानीपत।** युवा मंडल इंदिरा बाजार, पानीपत के सभी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मोहिंद्र कुमार हुरिया को युवा मंडल इंदिरा बाजार का चेयरमैन चुना गया। जबकि रवि मेहता अध्यक्ष, गौरव नंदवानी व यश गाबा उपाध्यक्ष, दीपांश मिगलानी महासचिव, विशाल जुनेजा, तरुण मोनू नारंग, अमित सेठी को सचिव, राजकुमार दुरेजा को प्रबंधक, संचित पुगला को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जबकि यात्रा प्रबंधक की जिम्मेदारी ललित ग्रोवर, सोनू (डोडो) सलूजा, टीटू नंदवानी, जय पुग्ला, चिराग भूटानी, राहुल गाबा, जगजीत सिंह, सरदार गोल्डी सिंह को सौंपी गई।

### 162 बेटियों को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र बांटे

# बेटियां समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें: तायल

अतिथियों द्वारा कुल 162 बेटियों को, जिसमें 104 सिलाई एवं 49 ब्यूटी पार्लर एवं 9 कम्प्यूटर के प्रमाण पत्र वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** चेतना परिवार के पदाधिकारीगण बेटियों को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

चेतना परिवार ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई सैंटर, ब्यूटी पार्लर सैंटर एवं कम्प्यूटर सैंटर में प्रशिक्षण प्राप्त बेटियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के कार्यक्रम का आयोजन खादी आश्रम, जीटी रोड, पानीपत के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिओम तायल, चेयरमैन, पाइट, समालखा, पानीपत द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजरानी शर्मा, समाजसेवी एवं सम्मानित अतिथि विनोद अरोड़ा, योग शिक्षक तथा अमित गुप्ता, प्रेजिडेंट, रोटरी सेंट्रल, पानीपत रहे। वहीं, चेतना परिवार ट्रस्ट की प्रबंध-न्यासी निर्मल दत्त ने अपने स्वागत व्यक्तव्य में कहा कि चेतना परिवार एक ऐसा ट्रस्ट है जो वंचित, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों, बेटियों, महिलाओं की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहता है। समाज के एक समान विचारों एवं समर्पित दृष्टिकोण वाले सहयोगियों की निरंतर एवं स्वेच्छा से दिए गए सहयोग से हम यह सब कर पाते हैं। सरकार से किसी प्रकार की ग्रांट या मदद नहीं ली जाती है। उन्होंने आगे बोलते हुए हुए कहा कि महिलाएं शक्ति स्वरूप हैं और गृहस्थ जीवन की धुरी हैं। वे अपने परिवार में बेटों और बेटियों को बराबर का अधिकार दें। बेटियों को अवश्य पढ़ायें ताकि वे आत्म निर्भर बन सकें। शिक्षा हमें जिंदगी जीने का सलीखा सिखाती है। पढ़ी लिखी बेटियां समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकती हैं तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भरता के साथ-2 अपने परिवार को भी आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकती हैं। समाज की प्रगति में पूरा योगदान दे सकती हैं। बेटियों में किसी भी स्तर पर कार्यक्षमता बेटों से कम नहीं होती। निर्मल दत्त द्वारा चेतना परिवार ट्रस्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि ट्रस्ट की स्थापना के पीछे कमला आर्य की सामाजिक सोच एवं प्रेरणा है। दीपचन्द्र निर्मोही इस ट्रस्ट के प्राण कहे जाते हैं। वही, ट्रस्ट द्वारा इस समय 92 प्रशिक्षण केन्द्र चलाए जा रहे हैं जिनमें बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल 60, सिलाई केन्द्र 19, ब्युटी पार्लर 4, कम्प्यूटर केन्द्र 3, महिलाओं के लिए छह प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, इन प्रशिक्षण केन्द्र में बेटियों को सिलाई, कढ़ाई कार्य के साथ-2 ब्यूटी पार्लर एवं कम्प्यूटर का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कुल 162 बेटियों को, जिसमें 104 सिलाई एवं 49 ब्यूटी पार्लर एवं 9 कम्प्यूटर के प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा सभी केन्द्रों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बेटियों एवं उनकी अध्यापिकाओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।


**पानीपत।** समाज सेवा संगठन के पदाधिकारीगण दिव्यांगों को व्हील चेयर भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## प्रभु के पूजन से बढ़ कर है जरूरतमंद की सेवा करना

- अग्रवाल मंडी कार्यालय पर दो दिव्यांगों को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज सेवा संगठन की ओर से रविवार को अग्रवाल मंडी कार्यालय पर दो दिव्यांग को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि अग्रवाल मंडी कार्यालय पर दो दिव्यांगों को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की। गत सप्ताह पहले ही इन दिव्यांग बच्चो की हाथ रिक्शा व व्हील चेयर की जरूरत की डिमांड आई थी। संगठन सदस्यों ने पता किया एक गुड़िया जो करीब 15 वर्ष की है जो चलने फिरने में असमर्थ है इनके पास व्हील चेयर नहीं है और एक लड़का जिसकी उम्र करीब 19 वर्ष है जो चलने फिरने में असमर्थ हैं। प्रभु के पूजन से बढ़ कर जरूरत मंद की सेवा करना है। इनके पास न व्हील चेयर है नहीं है, इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा और व्हील चेयर भेंट की और बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समाज सेवा संगठन दिव्यांगों को व्हील चेयर की मदद जारी रखेंगे, इच्छुक व्यक्ति या संगठन 9812863034 पर संपर्क कर सकता है, व्हील चेयर निशुल्क दी जाएगी। इस अवसर पर राजेंद्र जैन, नीरज जैन, कैलाश जैन, अमित जैन, भोला मेहता, सुभाष गोस्वामी, अंकित माटा आदि मौजूद रहे।

## हृदय को स्वस्थ रखें : डा. तुषार



**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की पानीपत शाखा के पदाधिकारी दीप लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शाखा के चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा ने की सेमिनार का मुख्य विषय स्वस्थ हृदय रहा। वही, धमीजा ने बताया कि आजकल दिल संबंधित बिमारी और घटनाएं बहुत बढ़ती जा रही है अपने सभी सदस्यों व उनके परिवारजनो को स्वस्थ हृदय रखने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. तुषार ने बताया कि हमारे लाइफ स्टाइल में बदलाव, मदिरा का ज्यादा सेवन करना, फास्टफूड खाना पीना, लगातार बैठना तथा तनाव एक मुख्य कारण है जो हमारे हृदय पर असर डालता है। हार्ट अटैक के लक्षण को काफी बारीकी से बताया। मुख्य अतिथि डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव ने सभी सीए फैमिली को प्रायोरिटी कार्ड देने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच का संचालन शाखा के सचिव सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया धन्यवाद प्रस्ताव शाखा के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह ने किया।

## हरियाणा के श्रद्धालुओं ने किया श्री बद्रीनाथ विशाल धाम के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** भगवान बद्रीनाथ विशाल के दर्शन करने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी आदि। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन नैन भालसी व अखिल भारतीय संत समिति उत्तराखंड के महामंत्री मंहत संत अरूण दास व उनकी पूरी टीम के साथ इस वर्ष के सबसे पहले श्री बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम के कपाट खुलते ही दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान मंहत अरूणदास महाराज ने बताया कि विश्व स्तर पर बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम की की बहुत ही मान्यता है, दुनिया भर से लोग दर्शन करने के लिए कतार में लखे रहते है। वही, डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम भी सभी मंदिरों को डिजिटल रूप में काम कर रहे है ताकि आने वाली पीढ़ी जो विदेशों में बैठी है जो हमारे भगवानों व पूर्वजों के इतिहास से दूर होती जा रही है उन सभी को इतिहास जागरूक करने के लिए डिजिटल रूप में सभी मंदिरों को जोड़ रहे है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के पदाधिकारियों व अखिल भारतीय संत समिति के पदाधिकारियों के साथ भगवान बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## पानीपत में स्वास्थ्य सेवाएं कैशलेस होगी

- शुरूआती दौर में ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में स्वास्थ्य विभाग के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिए जाने वाले सभी शुल्क का अब ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा। अस्पताल को कैशलेस करने की तैयारी शुरू कर दी है। शुरूआती दौर में ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया जारी रहेगी। इससे उपचार की रसीद बनाने से लेकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र तक के शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकेगा। जबकि सीएमओ डॉ. जयंत आहुजा ने बताया कि लोगों को कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए बैंक में क्यूआर कोड बनवाने के लिए आवेदन कर दिया है। कोड मिलने के बाद लोग पर्ची से लेकर मेडिकल बनवाने, रेबीज इंजेक्शन लगवाने की पर्ची भी ऑनलाइन पेमेंट कर कटवा सकेंगे। उम्मीद है जनवरी के आखिरी सप्ताह तक यह क्यूआर कोड बनकर आ जाएगा। फिर अलग-अलग काउंटरों पर पर्ची कटवाने के लिए क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इससे हर प्रकार की राशि अस्पताल के खाते में ही जमा होगी। सिविल अस्पताल में रोजाना औसतन 1500 मरीज पहुंचते हैं। जिसमें 1200 ओपीडी में, 60 से 70 इमरजेंसी वार्ड में और 30 से 40 डिलीवरी केस होते हैं। ओपीडी की 5 रुपये की पर्ची कटती है। भर्ती करवाने से लेकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने तक के लिए ऑफलाइन फीस जमा होती है। इसके चलते लेनदेन में गड़बड़ी होने का डर बना रहता है।

## किसानों के लिए देवी समान है नारी : रावल

- किसी भी लोकसभा प्रत्याशी का विरोध न करें भाकियू, जजपा प्रत्याशी नैना के बयान की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पानीपत के किसान भवन में प्रेस वार्ता करते हुए भाकियू नेतागण। फोटो :हरिभूमि

पानीपत जिला के किसान नेताओं ने हिसार लोकसभा से जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला द्वारा उचाना हलके के गांव में किसानों को लेकर गत दिवस दिये गये ब्यान कि किसान नेता बहू बेटियों का अपमान करते है, की रविवार को पानीपत किसान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कड़े शब्दों में निंदा की गई है। पानीपत किसान भवन के प्रधान सुरजभान रावल, भाकियू के पूर्व जिला प्रधान जयकरण कादियान व चूहड सिंह रावल ने संयुक्त रूप कहा कि जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले को रोक कर जिस तरह से बदसलूकी की गई है, उसकी सभी किसान नेता निंदा करते है और प्रजातंत्र के अंदर सभी को अपनी बात रखने का हक है। किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को गांव में आकर वोट मांगने का हक एवं अधिकार है पर नैना चौटाला द्वारा इस घटना को जिस तरह से लेकर किसानों को बदनाम करने की कौशिश की जा रही है, वह सरासर गलत है। किसानों को बदनाम करके नैना चौटाला सहानुभूति के आधार पर लोगों के वोट लेना चाहती है पर उनके ऐसे मंसुबे कभी पूरे नहीं होगे। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों ने तो सदैव महिलाओं व बहन, बेटियों का सम्मान किया है और किसान तो कभी महिलाओं के अपमान करने की बात को सोच भी नहीं सकते। किसानों के लिए देवी समान नारी है। दिल्ली में धरने पर बैठी महिला पहलवानों से जब बदसलूकी की गई तब भी हरियाणा के किसान उनके साथ खडे थे। लेकिन उस समय नैना चौटाला तो सतारूढ पार्टी की विधायक थी और उनका बेटा दुष्यंत चौटाला हरियाणा सरकार में डिप्टी सीएम था, तब नैना चौटाला को उन पहलवान बेटियों के सम्मान की बात याद नहीं आई। किसान नेताओं ने कहा कि अनेक स्थानों पर भाजपा व जजपा प्रत्याशियों का विरोध किया जा रहा है लेकिन पानीपत के किसान विरोध करने वाले लोगों से अपील करते है कि लोकतंत्र में सभी को वोट मांगने का हक है और किसी भी प्रत्याशी का विरोध नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला महासचिव ऋषिपाल नांदल जाटल, ब्लाक प्रधान देशराज, राजबीर सींक, रामकिशन, कृष्ण नारा, ईश्वर सिंह, दयानंद राठी व आजाद सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं किसानों ने चौ. छोटूराम की प्रतिमा के सामने खडे होकर किसान एकजुटता को लेकर नारेबाजी की गई।




## देहरादून की ग्राफिक्स इरा यूनिवर्सिटी ने जीती नेशनल कोड एक्स

- पाइट में स्टार्टअप सेल आर टीम हैकिंगली ने कराई प्रतियोगिता

**पानीपत।** युवाओं को कोडिंग के लिए प्रेरित करने और आगे बढ़ाने के लिए यहां पाइट कॉलेज में नेशनल कोड एक्स प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। टीम हैकिंगली और पाइट के स्टार्टअप सेल की ओर से कराए गए कोड.एक्स में देशभर की 278 टीमों ने भाग लिया। देहरादून की ग्राफिक्स इरा यूनिवर्सिटी ने पहला पुरस्कार जीता। टीमों ने 24 घंटे लगातार कोडिंग की। बार्कलेज के निदेशक डॉ.आनंद बांका मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आगे बढने के लिए रिस्क लेने से घबराए मत। हैकिंगली से अवनीत श्रीवास्तव और तन्मय गोयल ने भी नवयुवकों को कोडिंग के बारे में बताया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि आइटी के क्षेत्र में इस समय भारत अग्रणीय भूमिका निभा रहा है। प्रतिस्पर्धा में देहरादून के बाद एंबियंस पब्लिक स्कूल दिल्ली की टीम द्वितीय और महर्षि मार्केंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, डॉ.शक्ति अरोड़ा, डॉ.पूनम जागलान, डॉ.गौरव अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## कोमल, दीपिका, निकिता बनी बेस्ट मॉम

- फादर्स प्राइड प्लेवे में मदर्स डे का फंक्शन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

**पानीपत।** पानीपत के सलारगंज गेट स्थित फादर्स प्राइड प्लेवे में मदर्स डे का फंक्शन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हर बच्चे की मां ने बढ़-चढकर भाग लिया। किसी ने नृत्य तो किसी ने सिंगिंग एवं गेम्स में भी भाग लिया। गीतू परुथी ने बताया कि मां ईश्वर का ही रूप है। सिर्फ मदर्स डे वाले दिन ही नहीं जबकि हर दिन मां का ही होता है। इस अवसर पर कोमल, दीपिका और निकिता को बेस्ट मॉम का खिताब मिला। जसलीन की मदर ने सिंगिंग की एवं सारा वातावरण मां की यादों में डुबो दिया। इस अवसर पर सीमा कस्तूरिया, पूजा, मोना, कोमल, अनु, अमृत, श्रुति, अमन, संजना, सोनिया, बेबी व नीतू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## हमेशा हर हाल में खुश रहें

- उपस्थित प्रतिभागियों को कोर्स का सबसे अहम हिस्सा सुदर्शन क्रिया करवाई गई

**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में ऑफ लिविंग शिक्षिका व स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान द्वारा हैप्पीनेस कोर्स करवाया गया। कुसुम धीमान द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को योगा, प्राणायाम व मेडिटेशन करवाई गई व जीवन के दो स्तरों की व्याख्या की गई। उनके द्वारा बताया गया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किन किन ऊर्जा स्त्रोतों की आवश्यकता होती है व शरीर को हम कैसे स्वस्थ रख सकते हैं। मन को कैसे शांत रखा जा सकता है। वहीं उपस्थित प्रतिभागियों को कोर्स का सबसे अहम हिस्सा सुदर्शन क्रिया करवाई गई। कार्यक्रम के आयोजन में अनीता खुराना, भावना जुनेजा, विक्रांत वर्मा, गीता, ज्योति ग्रोवर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### यज्ञ किया, 86 लोगों ने किया रक्तदान, 575 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

# युवाओं ने रक्तदान कर मनाया ज्ञानानंद का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष पर स्थानीय सेक्टर 13/ 17, कम्युनिटी सेंटर हुडा पानीपत में यज्ञ एवं गीता पाठ का संदेश महाराज श्री द्वारा दिया गया। यज्ञ पर ब्रह्म ऋषि श्री नाथ, अवध धाम से पंडित राधे राधे, पंडित विजय एवं अन्य पंडितजन द्वारा यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। जबकि महाराज श्री ने श्रीमद् भागवत गीता के अष्टाध्याशी श्लोक का उच्चारण कर आहुतियां डलवाई। इस अवसर पर जिला पानीपत रेड क्रॉस संस्था की सहायता से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 86 यूनिट रक्त का दान व्यक्तियों द्वारा किया गया। वही, चिकित्सा शिविर में लगभग 575 से अधिक ओपीडी विभिन्न चिकित्सकों द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से आंखों की जांच के 275 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। निशुल्क आंखों की दवाई एवं चश्में वितरित किए गए। दंत चिकित्सक द्वारा लगभग 65 ओपीडी की गई तथा टूथब्रश एवं पेस्ट निशुल्क दिए गए। जनरल ओपीडी में लगभग 55 लोगों ने लाभ उठाया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। इस अवसर पर सीए बलराम नंदवानी, अमित वर्मा, विजय जैन, हरपाल ढांडा, सुरेंद्र रेवड़ी, लोकेश नांगरू, महेश थरेजा, विक्रम चावला, जितेंद्र गुप्ता, पंकज सेठी आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति समिति पानीपत की समस्त कार्यकारिणी एवं सदस्यगणों विशेष रूप से सुरेश अरोड़ा, चंद्रशेखर शर्मा, विभु पालीवाल, सूरज दूरेजा, सुनील ग्रोवर, अनिल मदान, विपिन सरदाना, भीम सचदेवा, मुकेश टुटेजा, सुरेश शर्मा, पंकज, अवनीश, राजू शर्मा, प्रीतम गुर्जर, रविंद्र भाटिया, अंजलि शर्मा, हरबंस आनंद, रमेश सतीजा, रमेश वर्मा, राकेश शर्मा, पंडित पंकज शर्मा, हर्ष शर्मा आदि ने आए हुए सभी व्यक्तियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।


**पानीपत।** अपने जन्मोत्सव पर यज्ञ करते हुए गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज। फोटो :हरिभूमि

